an>

Title: Regarding development of district hospitals

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र के जिला अस्पताल की ओर ले जाना चाहता हूं। जिले में लगभग 22 लाख की आबादी है और एक जिला अस्पताल है। वहां चार सौ बिस्तरों का एक अस्पताल स्वीकृत था, लेकिन जगह की कमी होने के कारण मरीजों को जमीन में लिटाकर इलाज कराना पड़ता है। प्रसूति वार्ड में इतनी जबरदस्त भीड़ रहती है कि जितनी सुविधाएं प्रसूता और बच्चे को देनी चाहिए, उतनी नहीं दे पा रहे।

उपाध्यक्ष महोदय, भारत सरकार की एक योजना के अंतर्गत जिला अस्पतालों के उन्नयन का कार्यक्रम चलाया गया था। मैं चाहता हूं कि जिला अस्पताल के उन्नयन के कार्यक्रम में मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना को भी शामिल किया जाये और एक नया भवन दें। ...(व्यवधान) हम यह मांग करना चाहते हैं कि वहां जिला अस्पताल के साथ मेडिकल कालेज बनाया जाये। ...(व्यवधान) NHRM योजना के तहत नया महिला अस्पताल स्वीकृत किया जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Ganesh Singh.